# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- शल्य चिकित्सा के जनक सुश्रुत की जंयती पर अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का राष्ट्रीय सम्मेलन आज से नई दिल्ली में शुरू।
- प्रसार भारती और हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने हैंडबॉल प्रतियोगिताओं के प्रसारण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- कैम्पबेल बे में आज सड़क सुरक्षा और परिवहन सेवा आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. दिलीप कुमार झा को चिदंबरम स्मारक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का तीन दिन का राष्ट्रीय सम्मेलन आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। यह आयोजन शल्य चिकित्सा के जनक माने जाने वाले सुश्रुत की जंयती पर किया जा रहा है। आज इस सम्मेलन के पहले दिन दस एंडोस्कोपिक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। परपंरा और तकनीक के समागम वाले इस सम्मेलन में देश–विदेश के पांच सौ से अधिक चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और विद्वानों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन में आयुर्वेद के क्षेत्र में चिकित्स में हुई प्रगति और उभरती शैलियों को दर्शाया जाएगा।

<><><><><><><>

विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यू एच ओ ने पारंपरिक चिकित्सा, विशेष रूप से आयुष प्रणालियों के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता–एआई को एकीकृत करने में भारत के अग्रणी प्रयासों को मान्यता दी है। आयुष मंत्रालय ने डब्ल्यूएचओ के ऐतिहासिक तकनीकी संक्षिप्त विवरण, "पारंपरिक चिकित्सा में एआई के अनुप्रयोग का मानचित्रण" में इस उल्लेख का स्वागत करते हुए इसे भारत की प्राचीन स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों के लिए एक मील का पत्थर बताया। यह मान्यता भारत के उस प्रस्ताव के बाद मिली है जिसके कारण पारंपरिक चिकित्सा में एआई पर डब्ल्यूएचओ का पहला रोडमैप तैयार हुआ। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि यह तकनीक के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को

दर्शाता है। इन पहलों में आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी में एआई उपकरण शामिल हैं, जो प्राचीन निदान को आधुनिक एल्गोरिदम के साथ जोड़ते हैं।

<><><><><><><>

प्रसार भारती और हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिताओं के प्रसारण के लिए तीन वर्ष के समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके तहत सभी मैच डीडी स्पोर्ट्स, वेव्स ओटीटी और प्रसार भारती के अन्य प्लेटफॉर्म से प्रसारित किए जाएंगे। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी और हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक आनन्देश्वर पांडेय ने समझौते का आदान–प्रदान किया। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस समझौते का उद्देश्य देश में इस खेल की पहुंच बढ़ाना और प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करना है।

<><><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान के एक भाग के रूप में, कल निकोबार जिला उपायुक्त अमित काले के निर्देशन में, कार निकोबार के खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में टीबी की स्क्रीनिंग पर एक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का नेतृत्व निकोबार जिले के जिला टीबी अधिकारी डॉ. अनवर मूसा ने किया। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से टीबी स्क्रीनिंग के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में सहायक आयुक्त मुनीर अहमद, बीजेआर अस्पताल की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. ग्रेस, जिला कार्यक्रम समन्वयक सहित अन्य कर्मियों ने भाग लिया। इसके अलावा, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से, ननकौड़ी के सहायक आयुक्त आदित्य संगोत्रा,, कैंपबेल बे के सहायक आयुक्त केशव नरेंद्र सिंह के साथ ब्लॉकों के चिकित्सा अधिकारी, और कर्मी भी शामिल हुए। जिला टीबी अधिकारी डॉ. अनवर मूसा ने स्क्रीनिंग रणनीतियों, मामलों की पहचान और निक्षय नामांकन पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिभागियों को टीबी संपर्क, पी एल एचआईवी, कुपोषित बच्चों, मधुमेह रोगियों और बुजुर्गों जैसे उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की पहचान करने और छाती के एक्स–रे और एन ए ए टी जैसे नैदानिक उपकरणों के उचित उपयोग पर प्रशिक्षित किया गया। हर छह महीने में बार–बार स्क्रीनिंग और दूरस्थ आबादी के लिए वैकल्पिक योजनाओं पर ज़ोर दिया गया।

<><><><><><><>

परिवहन विभाग आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा और परिवहन सेवा आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आज कैम्पबेल बे के माध्यमिक विद्यालय गांधी नगर में सुबह दस बजे से एक बजे तक कार्यक्रमअ ायोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और आवश्यक परिवहन सेवाओं को आसानी से उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर लर्नर लाइसेंस परीक्षण, लर्नर लाइसेंस जारी करना, ड्राइविंग लाइसेंस का नवीनीकरण, रोड टैक्स, फिटनेस प्रमाणपत्र और वाहन पंजीकरण का नवीनीकरण और परिवहन सेवा से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए विशेष शिकायत निवारण काउंटर स्थापित किए जाएंगे। कार्यक्रम में लक्ष्मी नगर पंचायत के वाहन मालिकों और ग्रामीणों से भाग लेने को कहा गया है। इसी तरह का कार्यक्रम गोविन्द नगर पंचायत में भी आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रीय राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. दिलीप कुमार झा को 2024 के प्रतिष्ठित चिदंबरम स्मारक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मत्स्य पालन, जलीय कृषि, समुद्री विज्ञान और संबद्ध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए फिशरीज टेक्नोक्रेट्स फोरम, चेन्नई द्वारा हर वर्ष प्रदान किया जाता है। डॉ. झा को पर्यावरण प्रभाव आंकलन, भौगोलिक सूचना प्रणाली और जल विज्ञान अध्ययन, विशेष रूप से भारतीय मुख्य भूमि के तट और समुद्री द्वीपों से संबंधित क्षेत्रों में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। वे 2024 के पुरस्कार के लिए चुने गए चार प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों में से एक हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के 'गैर–सरकारी सदस्यों' के पद के लिए योग्य व्यक्तियों को नामित करने का प्रस्ताव रखा है। आयोग के ये गैर–सरकारी सदस्य ऐसे विशेषज्ञ होंगे, जिन्हें पिछड़ा वर्ग से संबंधित विषयों का विशेष ज्ञान हो। इनकी नियुक्ति तीन वर्ष के लिए होगी। गैर–सरकारी सदस्यों को आयोग की बैठक के लिए प्रतिदिन 1500 रुपये का मानदेय दिया जाएगा। भरे हुए आवेदन समाज कल्याण निदेशालय में 11 अगस्त, तक जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से ने स्थायी पशुधन पालन को बढ़ावा देने और स्थानीय किसानों की आजीविका में सुधार लाने के लिए कल स्वराज द्वीप में सूअर प्रबंधन पहल का

आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को सूअर के बच्चों के बधियाकरण के लाभों के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम के दौरान, पशु चिकित्सा विशेषज्ञों ने किसानों को सूअर के बच्चों के बधियाकरण के लाभों के बारे में जानकारी दी गई। विभाग ने मौके पर ही दो छोटे पैमाने के सूअर पालन फार्मों में 12 सूअरों के बच्चों का बधियाकरण किया।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एम वी चुगलम 22 जुलाई को सुबह 8:00 बजे जंगलीघाट जेट्टी से सीधे कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा और संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने के तुरंत बाद ननकौड़ी, कच्छाल, तेरेसा, चौरा और कार निकोबार होते हुए श्री विजयपुरम वापस आएगा। माल की बुकिंग कल सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे के बीच वाणिज्यिक शाखा में की जाएगी।

<><><><><><><>

अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत राजस्व विभाग ने अट्टम पहाड़ में सरकारी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराया। क्षेत्रीय अधिकारियों से मिली सूचना के आधार पर राजस्व अधिकारियों के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए अस्थायी ढांचों को हटाकर लगभग 700 वर्ग मीटर क्षेत्र को उसकी मूल स्थिति में बहाल कर दिया गया। जिला प्रशासन ने जनता से किसी भी प्रकार की अनधिकृत कब्जे से दूर रहने की अपील की है।

<><><><><><><>